# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरन बाईपास पर पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया।
2. डाक विभाग ने भारत की कठपुतली विषय पर आठ स्मारक डाक टिकटों का सेट जारी किया।
3. जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण की ओर से भातुबस्ती में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
4. प्रशासनिक कारणों के चलते एम.वी. नालंदा की कल की लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम की यात्रा स्थगित कर दी गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तीन हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया, जो गुवाहाटी और उत्तरी गुवाहाटी को जोड़ता है। पुल का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री पास के लाचित घाट गए और कामरूप जिले के अमीनगांव में स्थित आई आई एम गुवाहाटी के अस्थायी परिसर और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राष्ट्रीय डेटा केंद्र का वर्चुअली उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने भारत के चार शहरों के लिए पीएम–ईबस सेवा योजना के तहत दो सौ पच्चीस इलेक्ट्रिक बसों को रवाना किया। इनमें गुवाहाटी के लिए सौ, नागपुर और भावनगर के लिए पचास–पचास तथा चंडीगढ़ के लिए पच्चीस बसें शामिल हैं। प्रधानमंत्री गुवाहाटी में भाजपा कार्यकर्ताओं के बूथ सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने डिब्रूगढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर विकसित मोरन बाईपास पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया और लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों तथा हेलीकॉप्टरों का हवाई प्रदर्शन देखा।

<><><><><><><>

टेलीमैक्टिक्स विकास केन्द्र ने क्वांटम सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए सिनर्जी क्वांटम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। संचार मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य उभरते क्वांटम कंप्यूटिंग खतरों के खिलाफ देश की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना है। साथ ही उपकरणों में क्वांटम–संवेदनशील क्रिप्टोग्राफिक एल्गोरिदम का पता लगाने के लिए संयुक्त रूप से एक स्वचालित उपकरण विकसित करना है। सी–डॉट ने बताया कि यह उपकरणों को स्वचालित रूप से स्कैन करके उपयोग में आने वाले क्रिप्टोग्राफिक एल्गोरिदम और सुरक्षा तंत्रों की पहचान करेगा। यह प्रणाली संवेदनशील एल्गोरिदम, उनके उद्देश्य और उपकरणों के भीतर उनकी सटीक स्थिति को उजागर करने वाली विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार करेगी। इस प्रक्रिया में तीन मुख्य मॉड्यूल बाहरी ब्लैक–बॉक्स स्कैनिंग और क्वांटम जोखिम मूल्यांकन के लिए एक वेब एप्लिकेशन, आंतरिक डिवाइस–स्तरीय स्कैनिंग के लिए एक सुरक्षा स्कैनर एजेंट और स्कैन को प्रबंधित करने तथा एकीकृत भेद्यता रिपोर्ट संकलित करने के लिए नियंत्रण सॉफ़्टवेयर शामिल होंगे। इस अवसर पर कंप्यूटिंग विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि इस साझेदारी से सरकार, रक्षा, दूरसंचार, बैंकिंग और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को उनकी क्रिप्टोग्राफिक तैयारियों का आकलन करने और क्वांटम–सुरक्षित प्रौद्योगिकियों की ओर सक्रिय रूप से आगे बढ़ने में मदद करने के लिए व्यावसायिक रूप से समाधान प्रदान करना है।

<><><><><><><>

डाक विभाग ने देश की समृद्ध और विविध कठपुतली परंपराओं का उत्सव मनाने के लिए भारत की कठपुतली विषय पर आठ स्मारक डाक टिकटों का सेट जारी किया। विभाग की सचिव वंदिता कौल ने नई दिल्ली में सांस्कृतिक जगत की कलाकारों और सदस्यों की मौजूदगी में यह टिकट जारी की। इस अवसर पर सुश्री कौल ने कहा कि डाक टिकट राष्ट्र की विरासत के छोटे राजदूत हैं। उन्होंने कहा कि इस विशेष अंक में उन अमर कहानीकारों को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने पीढ़ियों से भारत की लोककथाओं और मूल्यों को संरक्षित किया है। स्मारक सेट में राजस्थान के कठपुतली, कर्नाटक के यक्षगान सूत्रदा गोम्बेयट्टा, पश्चिम बंगाल के डेंजर पुतुल और बेनिर पुतुल, ओडिशा के काठी कुंधई और रावणछाया, केरल के

पावकथकली और आंध्र प्रदेश के टोलु बोम्मालट्टा को शामिल किया गया है। पांच रूपये मूल्य के ये टिकट देश भर के फिलाटेलिक ब्यूरो और ई–पोस्ट ऑफिस पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, की ओर से कल भातुबस्ती स्थित वार्ड नंबर उन्नीस में प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर के सहयोग से एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को कानूनी सुरक्षा उपायों के प्रति संवेदनशील बनाना और शोषण के खिलाफ निवारक उपायों को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश नियाज़ आलम, न्यायिक मजिस्ट्रेट जयंत मुखर्जी और अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपम सरकार उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने महत्वपूर्ण कानूनों व प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पॉक्सो एक्ट, 2012, बाल श्रम के उन्मूलन से संबंधित मुद्दों, बाल विवाह और कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के बारे मे जानकारी दी। वक्ताओं ने बच्चों और महिलाओं के अधिकारों, गरिमा और कल्याण की रक्षा के लिए सामूहिक सामुदायिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

<><><><><><><>

राज्य बाल संरक्षण समिति और समाज कल्याण निदेशालय ने ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सी एस आर सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस संयुक्त पहल की शुरुआत देखभाल संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और शैक्षिक सुविधाओं में सुधार के उद्देश्य से की गई थी। कार्यक्रम के शुरुआती चरण में, सभी बाल देखभाल संस्थानों को सुरक्षित पेयजल और शैक्षिक सामग्री तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वॉटर प्यूरीफायर और स्मार्ट टीवी प्रदान किए गए थे। इस पहल के तहत अब डिजिटल शिक्षण और कौशल विकास के अवसरों को बढ़ाने के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर और प्रोजेक्टर वितरित किए गए। इस अवसर पर मिशन वात्सल्य के नोडल अधिकारी ने बाल संरक्षण सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार और कॉर्पोरेट क्षेत्र के बीच समन्वित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। समाज कल्याण निदेशक रविंदर कुमार ने इस निरंतर साझेदारी की सराहना करते हुए कहा कि संस्थानों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, देखभाल और समग्र विकास सुनिश्चित करने में ऑयल इंडिया लिमिटेड का महत्वपूर्ण योगदान है। ऑयल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक अरिंदम बरदोलोई ने भविष्य में भी बच्चों के लाभ के लिए ऐसी पहलों में सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते एम.वी. नालंदा की कल रात्रि नौ बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम की यात्रा स्थगित कर दी गई है। अब यह जहाज सोलह फरवरी को दोपहर दो बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए रवाना होगा। यात्री जारी की गई टिकट पर यात्रा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में "ग्राम पंचायतों में स्वयं के स्रोत से राजस्व उत्पन्न करने के लिए वित्तीय मॉडल तैयार करना" विषय पर प्रधानों और पंचायत सचिवों के लिए चल रहे कार्यक्रम का कल समापन हो गया। सत्र के दौरान ग्रामीण विकास की विषय विशेषज्ञ विद्या माला राजस्व उत्पन्न करने में आने वाली चुनौतियों पर प्रतिभागियो के साथ चर्चा की। विभिन्न ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों और अन्य प्रतिभागियों ने राजस्व सृजन के संबंध में अपनी–अपनी पंचायतों की शक्तियों, अवसरों और खतरों का विश्लेषण के बारे में जानकारी साझा की। समापन अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

<><><><><><><>

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रंगाचांग में कल 'निपुण मेला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दक्षिण अंडमान जिला परिषद उपाध्यक्ष एस. भूमिनाथन ने किया। इस अवसर पर उप–प्रधानाचार्य जे.डी. पुष्पराज और जॉब तथा बिडनाबाद ग्राम पंचायत के सरपंच वी. कुमार भी उपस्थित थे। मेले में संपूर्ण शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रदर्शन किया गया, जिसमें नवाचारी शिक्षण सामग्री, रचनात्मक शिक्षाशास्त्र और मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के परिणामों में सुधार लाने के प्रयास पर प्रकाश डाला गया।

<><><><><><><>